प्रांरभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2021

नमूना प्रश्न पत्र 2021

विषय–हिंदी

समयः– 2:30   कक्षा–8   पूर्णांक :– 50

पढकर समझना और समझकर लिखना (गद्य पाठ)   18 अंक

नोटः– प्रश्न संख्या 1 से 6 तक 1 अंक के है।

प्र.1 ' बस की यात्रा' पाठ में मित्रों की यात्रा कितने बजे प्रारम्भ हुई?

(अ) शाम 4 बजे   (ब) शाम 5 बजे

(स) प्रातः 9:00 बजे   (द) प्रातः 10:00 बजे   ( )

प्र.2 भारतवर्ष सदा कानून को किस रूप में देखता है?

(अ) धर्म के रूप में   (ब) कर्म के रूप में

(स) व्यवसाय के रूप में   (द) शिक्षा के रूप में   ( )

प्र.3 पुडुकोट्टई (तमिलनाडु) में साइकिल चलाना है–

(अ) एक सामाजिक आंदोलन   (ब) एक धार्मिक आंदोलन

(स) एक राजनैतिक आंदोलन   (द) ये सभी   ( )

प्र.4 'हद्रजन' से क्या अभिप्राय है?

(अ) ऑक्सीजन   (ब) हाइड्रोजन

(स) नाइट्रोजन   (द) मिथेन   ( )

प्र.5 साँप के अनुसार शरीर है –

(अ) माँस का   (ब) खून का

(स) मिट्टी का   (द) हड्डियों का   ( )

प्र.6 रूई का फाहा किसे मिला ?

(अ) गवरा को   (ब)गवरइया को

(स) दोनों को   (द) दोनों को नहीं   ( )

प्र.7 बस खराब होने पर कंडक्टर ने क्या किया?   2 अंक

....

प्र.8 लेखक को साइकिल प्रशिक्षण शिविर को देखना कैसा लगा ? 3 अंक

या

पहिया जीवन में किसका प्रतीक है?

प्र.9 पानी का निर्माण किन दो गैसों से हुआ है ? 2 अंक

या

पर्वत से लुढ़ककर जल की बूँद कहाँ तक जाती है?

प्र.10 ''पुरानी बस में यात्रा करना ठीक नहीं।'' स्पष्ट कीजिए। 3 अंक

....

....

....

प्र.11 यदि रुई का फाहा आपको मिलता तो आप उससे किस वस्तु का निर्माण करते? सकारण लिखिए। 3 अंक

या

यदि गवरइया ने गवरा की बात मान ली होती तो टोपी सिलने वाले कार्य का क्या होता ?

पढकर समझना और समझकर लिखना (पद्‌य पाठ) 9 अंक

नोटः– प्रश्न संख्या 12 से 14 तक 1 अंक के हैं।

प्र.12 ऋतुओं में श्रेष्ठ ऋतु कहा जाता है–

(अ) सर्दी को (ब) गर्मी को

(स) वसंत को (द) इनमें से कोई नहीं ( )

प्र.13''अभी भी दबा है चिड़िया की चोंच में ....।'' खाली स्थान में उपयुक्त शब्द होगा–

(अ) दाना (ब) तिनका

(स) पत्ता (द) कंकड़ ( )

प्र.14 कृष्ण से मिलने द्‌वारका कौन आया ?

(अ) राधा (ब) सुदामा

(स) उद्धव (द) कृष्ण ( )

प्र.15 कृष्ण ने सुदामा के पैर किससे धोये ? 2 अंक

....

....

प्र.16 'अभी न होगा मेरा अंत' कविता के रचनाकार कौन हैं ? 2 अंक

....

या

'सुदामा चरित' के रचयिता कौन हैं?

....

प्र.17 'नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता के अनुसार वर्तमान समय कैसा है ?

या 2 अंक

श्रीकृष्ण के स्थान पर आप होते तो अपने मित्र का स्वागत किस प्रकार से करते ?

व्यावहारिक व्याकरण 9 अंक

प्र.18 'विश्वसनीय' का विलोम होगा– 1 अंक

(अ) विश्वास (ब) अविश्वास

(स) अविश्वसनीय (द) श्वसनीय ( )

प्र.19 'मेहनत' का पर्याय होगा– 1 अंक

(अ) काम (ब) बल

(स) श्रम (द) मजदूर ( )

प्र.20 इन शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द विलग कीजिए। (कोई दो)– 2 अंक

शब्द	उपसर्ग	मूल शब्द
(अ) उपनियम	–	–
(ब) विवाद	–	–
(स) अनाथ	–	–
(द) प्रचार	–	–

प्र.21 इन शब्दों में से प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए। (कोई दो)– 2 अंक

शब्द	मूल शब्द	प्रत्यय
सामाजिक	–	–
स्वर्गीय	–	–
धनात्मक	–	–
शीतल	–	–

प्र.22 निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का प्रयोग कर वाक्य बनाइये। (कोई तीन)
हर्ष, उत्सव, विद्यालय, वृक्ष, स्वच्छ 3 अंक

1 ....

2 ....

3 ....

सृजनात्मक अभिव्यक्ति

प्र.23 ''सड़क को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है।'' कैसे? लिखिए। 3 अंक

प्र.24 आप रमेश हैं, अपने प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को तीन दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए। 5 अंक

अथवा

आप राजपुरा निवासी सुरेश हैं। अपने मामा के पुत्र को एक पत्र लिखिए, जिसमें दीपावली पर अपने यहाँ आने का निमंत्रण हो।

प्र.25 इनमें से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 5 अंक

(अ) स्वच्छता (ब) होली का त्योहार (स) स्कूल की पिकनिक

अथवा

दो मित्र खेल मैदान में टहल रहे हैं। उनके बीच किसी खेल के संबंध में हो रही वार्ता को लिखिए।

मित्र–1 ....

मित्र–2 ....